टावर चौक पर दिनदहाड़े फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार

- टावर चौक पर ऑटो चालक के पिता को मारी गोली, हालत गंभीर
- देशी कट्टा और चार कारतूस बरामद, पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी

नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः शहर के व्यस्त टावर चौक पर शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। एक व्यक्ति ने ऑटो चालक के पिता पर कथित रंजिश के चलते देशी कट्टे से गोली चला दी। घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने कुछ ही देर बाद आरोपी को रेलवे ट्रैक के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा और चार कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, अब्दालपुरा निवासी 50 वर्षीय आशुतोष सोनी टावर चौक पर अपने ऑटो चालक बेटे का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचा और कथित तौर पर बिना किसी बातचीत के उन पर फायर कर दिया। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे।

घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद आरक्षक अनमोल अहिरवार ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचने से घायल की जान बचाने में मदद मिली।

वारदात की सूचना मिलते ही माधवनगर सीएसपी दीपिका शिंदे और थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी का पीछा किया। आरोपी रेलवे ट्रैक पार कर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने विरोध किया और पुलिस के साथ झूमाझटकी भी हुई, जिसमें उसे भी चोटें आईं। बाद में उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

रेलवे ट्रैक के पास पुलिस ने पीछा कर दबोचा आरोपी

पुलिस ने आरोपी की तलाशी में एक लोडेड देशी कट्टा तथा तीन अतिरिक्त जिंदा कारतूस बरामद किए। एक कारतूस घटना में इस्तेमाल हो चुका था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने दावा किया कि घायल व्यक्ति उसके ऊपर टिप्पणी करता था, जिससे नाराज होकर उसने हमला किया। हालांकि पूछताछ के दौरान वह बार-बार बयान बदलता रहा और पुलिस उसकी बातों की सत्यता की जांच कर रही है।

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी मूल रूप से तराना क्षेत्र का रहने वाला है और वर्तमान में उज्जैन में रह रहा था। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड, हथियार के स्रोत तथा हालिया गतिविधियों की भी जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की मेडिकल जांच भी कराई जा रही है, क्योंकि घटना के समय उसके नशे में होने की आशंका है।

पुलिस यह भी पता लगा रही है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से कोई विवाद था या नहीं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस घटना में आरक्षक अनमोल अहिरवार की त्वरित कार्रवाई की भी सराहना हो रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उनकी सतर्कता और तत्काल सहायता के कारण घायल को समय पर उपचार मिल सका। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच में जुटी है और आरोपी से पूछताछ जारी है।

खास-खबरें

पीथमपुर में साढ़े तीन करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन

नईदुनिया, प्रतिनिधि, पीथमपुरः नगर परिषद पीथमपुर द्वारा विभिन्न वार्डों में करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सेवंतीबाई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरती गिरवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल ने बताया कि करीब 3.50 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा रुके हुए विकास कार्यों को गति दी जा रही है और आने वाले समय में कई अन्य परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष रूप सिंह छड़ौदी, डॉ. हेमंत हीरोले, मोनिका सोलंकी, पार्षदगण, नगर परिषद के सब इंजीनियर अजय कराड़े, जोन अधिकारी तथा वार्डों के नागरिक उपस्थित रहे।

महाकाल मंदिर के सुरक्षाकर्मी पर चाकू से हमला, तीन आरोपियों की तलाश

नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर के बाहर ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे एक सुरक्षाकर्मी पर शुक्रवार शाम चाकू से हमला कर दिया गया। घायल सुरक्षाकर्मी को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दिन में मंदिर परिसर में फूल-प्रसाद विक्रेताओं को निर्धारित स्थान पर दुकान लगाने के लिए कहने को लेकर सुरक्षाकर्मियों और कुछ युवकों के बीच विवाद हुआ था। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों को कथित रूप से धमकी भी दी गई थी। पुलिस के अनुसार, शाम को ड्यूटी समाप्त होने के बाद धनुष द्वार के पास तीन युवकों ने सुरक्षाकर्मी आकाश राठौर पर पीछे से चाकू से हमला कर दिया। साथ मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल को पहले जिला अस्पताल और बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीएसपी दीपक मारवी ने बताया कि दिन में हुए विवाद के बाद शाम को हमला हुआ। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। मामले की जांच जारी है। महाकाल मंदिर क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के कारण सुरक्षा व्यवस्था और मंदिर परिसर में नियमों के पालन को लेकर लगातार निगरानी रखी जाती है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पेंशन और आवास योजना के मुद्दे पर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः सामाजिक सुरक्षा पेंशन और आवास योजना के लंबित मामलों को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को समय पर राशि नहीं मिलने और आवास योजना का लाभ लंबित रहने का मुद्दा उठाया गया। पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन ने कहा कि लंबे समय से अनेक हितग्राहियों को पेंशन नहीं मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति बन गई है। वहीं पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सरकार से शीघ्र निर्णय लेकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान पार्षद सौदान सिंह यादव, सुनील पिंगले, विकास शर्मा, राजेश माहेश्वरी, प्रकाश मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, कल्याण सिंह नागौरी, जोएब हसन, मंजू कुशवाहा, सरिता आर्या, राहुल ठाकुर, पृथ्वी रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पेंशनधारी महिलाएं, बुजुर्ग और दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

अमर शहीद कुंवर चैनसिंह के शहादत दिवस पर दिया गार्ड ऑफ ऑनर

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः अमर शहीद कुँवर चैन सिंह के शहादत दिवस पर शासन की ओर से गाड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने अमर शहीद कुँवर चैनसिंह को श्रद्धा सुमन आर्पित किए। इस अवसर पर राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का गायन भी किया गया।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अमर शहीद कुँवर चैन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने कहा कि इस दुनिया में अपने लिए तो सभी जीते हैं, पर जो देश में लिए जिए उसी का जीवन सार्थक होता है। आज हम सभी ऐसे ही अमर शहीद वीर कुंवर चैनसिंह और उनके साथियों हिम्मत खां एवं बहादुर खां को श्रद्धांजली दे रहे हैं, जिन्होंने अपने जीवन को देश के लिए न्यौछावर कर दिया।

राष्ट्र में जागरण और चेतना की लहर के लिए स्वयं किसी न किसी को आगे आना ही पड़ता है। कुंवर चैन सिंह भी उन्हीं वीर शहीदों में से एक थे।

कुंवर चैनसिंह को अंगेजों की ताकत का पता होते हुए भी वे अंगेजों से भिड़ गए, क्योंकि उनका हौंसला बुलंद था। उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। जो देश अपने क्रांतिकारियों के बालिदानों को याद नही करता है उसकी नींव हमेशा कमजोर होती है। एक स्वतंत्र और मजबूत राष्ट्र की बुनियाद में अनेक शहीदों के बलिदान छुपे होते हैं। हमारी वर्तमान और आने वाली सभी पीढ़ियों को अपने अमर शहीदों का बलिदान हमेशा याद रखना चाहिए और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकता में ही राष्ट्र की सर्वोच्च शक्ति निहित है। हमारे देश ने सेकड़ों सालों तक गुलामी का बोझ झेला है। यदि उस समय हमारे देश के लोगों में एकता का भाव होता, तो शायद हमे इतने वर्षों तक गुलाम न रहना पड़ता।

हमारे देश में भाईचारे की भावना सदियों पहले से रही, पर कुछ विदेशी आक्रांताओं ने आकर इस भाईचारे की भावना हो कमजोर किया और हम पर सैंकड़ों वर्षों तक राज किया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, अमर शहीद कुँवर चैन सिंह के वंशज एवं पूर्व विधायक राजर्वधन सिंह, हिम्मत खां बहादुर खां के वंशज जेडएके लोधी, भारत जोड़ो समिति के बलवीर सिंह तोमर ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, अनूप सिंह, कलेक्टर बालागुरु के., एसपी सोनाक्षी सक्सेना, राजकुमार गुप्ता, सुदीप प्रजापति सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ई-अटेंडेंस से वेतन कटौती की आशंका, शिक्षकों ने उठाए सवाल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः प्रदेश में शिक्षकों की उपस्थिति को ई-अटेंडेंस प्रणाली से जोड़कर वेतन भुगतान का आधार बनाए जाने के बाद शिक्षकों में असंतोष बढ़ने लगा है। विकासखंड भैरूंदा में भी ई-अटेंडेंस के आधार पर उपस्थिति सत्यापन और वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू होने के बाद शिक्षक संगठनों ने व्यवस्था की व्यवहारिकता पर सवाल उठाए हैं।

प्रांतीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि पर्याप्त प्रशिक्षण के बिना ई-अटेंडेंस को अनिवार्य करना उचित नहीं है। उनका कहना है कि नेटवर्क, सर्वर और तकनीकी समस्याओं के कारण कई बार समय पर लॉगिन या लॉगआउट नहीं हो पाता, जिसका असर उपस्थिति रिकॉर्ड पर पड़ रहा है। शिक्षकों के अनुसार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी निर्देश में संकुल प्राचार्यों से ई-अटेंडेंस पोर्टल पर दर्ज अनुपस्थित अवधि का सत्यापन कर वेतन भुगतान के लिए जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके बाद शिक्षकों में तकनीकी त्रुटियों के कारण वेतन कटौती की आशंका बढ़ गई है।

शिक्षकों का कहना है कि कई मामलों में वे पूरे समय विद्यालय में उपस्थित रहकर अध्यापन और विभागीय कार्य करते हैं, लेकिन तकनीकी कारणों से ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं होने पर उन्हें अनुपस्थित माना जा रहा है। उन्होंने मांग की कि ई-अटेंडेंस को वेतन भुगतान का आधार बनाने से पहले सभी शिक्षकों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए तथा शुरुआती चरण में तकनीकी त्रुटियों के लिए सुधार का अवसर दिया जाए।

शिक्षक संगठनों ने कहा कि वे डिजिटल व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं, बल्कि चाहते हैं कि इसे व्यवहारिक और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाया जाए, ताकि पारदर्शिता के साथ कर्मचारियों को अनावश्यक मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

एकादशी पर दीपदान आज

विदिशा। धर्मगुरु-धर्माधिकारी पं. गिरधर गोविन्द प्रसाद चतुर्वेदी शास्त्री के आचार्यत्व में स्थानीय सावरकर बालविहार स्थित श्रीविष्णुलोक- बैकुण्ठधाम श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में आज 25 जुलाई शनिवार आषाढ़ शुक्ल श्रीदेवशयनी एकादशी मनोकामना दीपदान के साथ गौधूली बेला में तुलसी पत्रों द्वारा श्रीहरि आराधना, मंगल आरती एवं गौभक्तों द्वारा अक्षय पुण्य फल प्राप्ति के लिए हरी घास एवं गुड़ खिलाकर गौसेवा की जाएगी।

कन्या महाविद्यालय में विशेष मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः स्थानीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक और भावनात्मक कल्याण के उद्देश्य से एक विशेष मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय से मनोचिकित्सक डॉ अशोक राजपूत, नैदानिक मनोवैज्ञानिक रविसिंह सेंगर एवं मनोचिकित्सा नर्सिंग अधिकारी गिरिराज सैनी ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को तनाव प्रबंधन, करियर के दबाव से निपटने और खुलकर अपनी बात रखने के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी डी अहिरवार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ तथा एनएसएस और मानसिक स्वास्थ्य क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ ने भाग लिया तथा छात्राओं को एक सुरक्षित और सहयोगी माहौल देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन एनटीएफ प्रभारी प्रो. नीतू दांगी द्वारा किया गया।

साँची जलावर्धन योजना की शिकायत निवारण समिति की बैठक

रायसेन। नगर परिषद साँची की जलावर्धन योजना के अंतर्गत गठित शिकायत निवारण समिति की बैठक नवनिर्मित जलशोधन संयंत्र के प्रशासनिक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने की। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामलाल कुशवाहा, एमपीयूडीसी के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने योजना से संबंधित शिकायतों और उनके निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने लंबित मामलों के शीघ्र समाधान और योजना के प्रभावी संचालन पर जोर दिया। बैठक के बाद 'अमृत हरित महाअभियान-2026' के तहत जलशोधन संयंत्र परिसर में पौधरोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों और एमपीयूडीसी के अधिकारियों ने मिलकर कुल 55 पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

प्रकाशमणि की स्मृति में वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः दादी प्रकाशमणि जी के स्मृति दिवस पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र, भैरूंदा द्वारा विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के माध्यम से पौधारोपण के साथ उनके संरक्षण का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसके वृक्ष बनने तक देखभाल का संकल्प लेना चाहिए।

मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय ने पौधारोपण कर अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण और स्वच्छ वायु के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने नागरिकों से पौधारोपण को जनभागीदारी का अभियान बनाने और लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

अभियान में योग प्रशिक्षक रामनारायण चौबे, नर्मदा सेवा समिति, निरोगी काया टीम तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की केंद्र प्रभारी बी.के. माला बहन, बी.के. उर्मिला बहन एवं बी.के. नेहा बहन ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

एसडीआरएफ टीम ने स्कूली बच्चों को बाढ़, अग्निकांड, सर्पदंश और आकाशीय बिजली से बचाव के बताए उपाय

नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन संबंधी व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराने तथा आपदा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विदिशा तहसील के ग्राम अहमदपुर स्थित अग्रवाल स्कूल में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला सेनानी मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान सुरक्षित रहने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बाढ़ की स्थिति में बचाव के तरीके, सर्पदंश होने पर बरती जाने वाली सावधानियां, अग्नि दुर्घटनाओं के समय सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया, आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपाय तथा प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) की महत्वपूर्ण जानकारी सरल एवं व्यवहारिक तरीके से समझाई।

प्रशिक्षण का संचालन विदिशा एसडीआरएफ टीम के प्रभारी कंपनी कमांडर देवी सिंह परते के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर टीम के सदस्य देवेंद्र कटोरिया, संजय, गौरव रघुवंशी एवं संदीप ने विभिन्न आपदा परिस्थितियों से निपटने का प्रायोगिक प्रदर्शन किया।

टीगाली नर्मदा घाट पर अज्ञात युवक का शव मिला

भैरूंदा। थाना भैरूंदा क्षेत्र के ग्राम टीगाली स्थित नर्मदा घाट पर शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई की। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार शव का पोस्टमार्टम शनिवार को कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मामला दुर्घटना, आत्महत्या अथवा अन्य किसी कारण से जुड़ा है। मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के जिलों के पुलिस थानों को सूचना भेजी जा रही है। साथ ही अन्य माध्यमों से भी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच जारी है।

कुबेरेश्वरधाम में पांच दिवसीय गुरु महोत्सव प्रारंभ

देशभर से पहुंचे श्रद्धालु, होटल-धर्मशालाएं फुल, विठलेश सेवा समिति ने संभाली कमान

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कुबेरेश्वरधाम में शुक्रवार से पांच दिवसीय गुरु महोत्सव का शुभारंभ हो गया। महोत्सव के पहले ही दिन धाम का विशाल कथा पंडाल श्रद्धालुओं की अपार भीड़ से पूरी तरह खचाखच भर गया। मध्य प्रदेश सहित देशभर के अलग-अलग राज्यों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण शहर और आसपास की सभी होटलेंपूरी तरह फुल हो गए हैं।

1.80 लाख वर्ग फीट का बना विशाल पंडालः आयोजन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विठलेश सेवा समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगभग 1.80 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में स्थायी कथा पंडाल और करीब 50 हजार वर्ग फीट में विशाल भोजन प्रसादी स्थल तैयार किया गया है। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला की मौजूदगी में समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल और स्वच्छता के विशेष प्रबंध किए हैं।

5 दिन तक बहती रहेगी भक्ति की धाराः महोत्सव के तय कार्यक्रम के अनुसार 25 से 28 जुलाई तक भव्य शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। इसके उपरांत 29 जुलाई को एक दिवसीय गुरु दीक्षा महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें हजारों नए श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा दी जाएगी।

सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के कड़े इंतजामः श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और सेवा समिति की ओर से सुरक्षाए यातायात प्रबंधन, पार्किंग, मेडिकल सुविधा, पेयजल और निरंतर सफाई व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि आने वाले भक्तों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

शिव ही सच्ची शांति के स्रोत हैंः महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं को अपना पावन संदेश देते हुए कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि महादेव की भक्ति में लीन होने से जीवन की हर चिंता और संकट स्वतः दूर हो जाते हैं। भगवान शिव ही इस सृष्टि में सच्ची शांति और आनंद के मुख्य स्रोत हैं। सभी मनुष्यों को निरंतर शिव का स्मरण करना चाहिए और सेवा, सदाचार व मानवता के मार्ग पर चलना चाहिए।